## खास खबरें

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, युवक पर केस

**नप्र, भोपालः** रातीबड़ थाना पुलिस ने युवती की शिकायत पर रोहित परमार के खिलाफ धारा 69, 351(3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म किया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

### जवाहर चौक से एक्टिवा चोरी

टीटी नगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर-जवाहर चौक से ब्रजेश निखरा की एक्टिवा एमपी-04 एसडब्ल्यू-4205 चोरी हो गई। अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर पुलिस वाहन की तलाश कर रही है।

### बैंक के सामने से बाइक ले उड़े चोर

एमपी नगर में ब्रजपाल सिंह की हीरो मोटरसाइकिल एमपी-04 क्यूजे-9765 बैंक के सामने से चोरी हो गई। फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया।

### अस्पताल के बाहर से बाइक चोरी

शाहजहांनाबाद स्थित सिटी केयर अस्पताल के पास से रफीक खान की हीरो मोटरसाइकिल एमपी-37 एमजी-6515 चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत केस दर्ज किया।

### लापरवाही से कार चलाकर मारी टक्कर

अयोध्यानगर थाना पुलिस ने फरियादी प्रवीण शाक्य की शिकायत पर कार एमपी-04 'ह'-4421 के चालक के खिलाफ धारा 281, 125-ए बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया। घटना नरेला जोड़ के पास हुई।

### अज्ञात कार चालक पर दुर्घटना का केस

अरेरा हिल्स क्षेत्र में जानवी नागवंशी की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ धारा 281, 125-ए बीएनएस में मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी।

### पिपलानी में कार चालक पर एफआईआर

पिपलानी थाना क्षेत्र में फरियादी सचिन्द्र गौतम की शिकायत पर कार एमपी-04 'छ'-9923 के चालक के खिलाफ धारा 281 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। आरोपी पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप है।

### 18 क्वार्टर शराब के साथ युवक गिरफ्तार

अरेरा हिल्स पुलिस ने भीमनगर से ज्योतिष गिरी को 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शराब जब्त की गई।

### ईदगाह हिल्स में जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

शाहजहांनाबाद पुलिस ने विवेक, करण, अर्जुन, रवि गोयल और शंकर को ताश पर दांव लगाकर जुआ खेलते पकड़ा। आरोपियों से 2000 और ताश जब्त कर कार्रवाई की गई।

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते चार लोगों पर कार्रवाई

टीटी नगर और शाहजहांनाबाद पुलिस ने दानिश खान, निजाम खान, मनोज और दुर्गेश मसाकोले को सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़ा।

### फांसी लगाकर महिला ने दी जान

हबीबगंज क्षेत्र में संदीप अहिरवार की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। डॉ. साकले की सूचना पर पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

### लिफ्ट का काम करते समय करंट से मौत

हबीबगंज क्षेत्र में अशोक वर्मा की लिफ्ट का कार्य करते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जंगल में पेड़ पर लटका मिला वृद्ध का शव

बागसेवनिया थाना क्षेत्र के जंगल में करीब 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका मिला। राजेश बहेलिया की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया।



राजधानी की मनुआभान की टेकरी से रविवार को बादलों और हरियाली से घिरे शहर का मनमोहक दृश्य दिखाई दिया। मौसम ने पूरे शहर की प्राकृतिक सुंदरता में चार चांद लगा दिए।

# आधी रात में गुंडागर्दी, कई वाहनों पर बरसाए पत्थर

**सीसीटीवी में कैद हुए बाइक सवार बदमाश, रहवासियों में दहशत**



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राजधानी के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, लहारपुर में शनिवार देर रात करीब 2:40 बजे दो बाइक सवार बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया। बदमाशों ने कॉलोनी में घरों के बाहर खड़े कई चारपहिया वाहनों पर पत्थर बरसाकर उनके कांच चकनाचूर कर दिए।

पूरी वारदात कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसके बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। उपद्रवियों का निशाना वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुमार की कार भी बनी। उनकी कार के शीशे पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

इसके अलावा आसपास खड़े कई अन्य वाहनों को भी नुकसान पहुंचाया गया। तेज धमाकों जैसी आवाज सुनकर रहवासी घरों से बाहर निकले तो सड़क पर टूटे कांच और पत्थर बिखरे पड़े मिले। घटना की जानकारी मिलते ही पत्रकार संतोष कुमार ने कटारा हिल्स थाना प्रभारी सुनील दुबे और डीसीपी जोन-2 विकास सहवाल को फोन पर सूचना दी।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची, घटनास्थल का निरीक्षण किया और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर आरोपियों की पहचान शुरू कर दी है।

## भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन के नए कार्यालय का शुभारंभ



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) से संबद्ध भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) ने रविवार को बावड़िया कलां स्थित अपने नए कार्यालय परिसर में औपचारिक रूप से कार्यारंभ किया। नए कार्यालय का उद्घाटन बीएमए के अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कार्यकारिणी समिति एवं एसोसिएशन के सदस्यों की उपस्थिति में किया।

समारोह में अध्यक्ष-निर्वाचित राजीव अग्रवाल, मानद सचिव शंकर कृष्णन, कोषाध्यक्ष मनोज झा सहित जी.के. छिब्बर, एन.के. छिब्बर, जी.एस. यादव, शैलेंद्र ओझा, एमपी निगम, सुब्रमणियन, अभिलाषा मोकाहा और आमिर खान सहित अनेक सदस्य एवं शुभचिंतक मौजूद रहे। इस अवसर पर जी.के. छिब्बर ने कार्यालय स्थानांतरण को सफल बनाने में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों के सामूहिक प्रयासों की सराहना की। अध्यक्ष राजेश तिवारी ने कहा कि नया कार्यालय अधिक विशाल और सुविधाजनक है, जिससे एसोसिएशन की गतिविधियों के संचालन में आसानी होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परिसर प्रबंधन उत्कृष्टता, नेतृत्व विकास और प्रबंधन शिक्षा को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## डीजीपी चयन की प्रक्रिया शुरूः पीएचक्यू ने 11 वरिष्ठ आईपीएस का पैनल गृह विभाग को भेजा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश पुलिस महकमे में बड़ा प्रशासनिक बदलाव होने जा रहा है। पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति के लिए 11 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नामों का प्रस्ताव गृह विभाग को भेज दिया है।

इसमें जेल महानिदेशक वरुण कपूर, होमगार्ड महानिदेशक प्रज्ञा ऋचा और आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) महानिदेशक उपेंद्र जैन समेत 1991 से 1994 बैच के अफसर शामिल हैं। गृह विभाग अब इस प्रस्ताव की जांच कर निर्धारित 12 कॉलम वाले प्रारूप में संघ लोक सेवा आयोग को भेजेगा। यूपीएससी की इंपैनलमेंट कमेटी तीन नामों का पैनल तैयार करेगी, जिनमें से राज्य सरकार एक को नया डीजीपी नियुक्त करेगी। मौजूदा डीजीपी कैलाश मकवाना का कार्यकाल नवंबर 2026 में समाप्त हो रहा है।

**पैनल में ये 11 नाम :** 1991 बैचः वरुण कपूर, प्रज्ञा ऋचा, उपेंद्र जैन, 1992 बैचः पंकज श्रीवास्तव, आदर्श कटियार, जी अखेतो सेमा, 1993 बैचः अनिल कुमार, रवि गुप्ता, 1994 बैचः अनंत सिंह, मनमीत सिंह नारंग, राजाबाबू सिंह, डीजी गुप्ता वरिष्ठता के हिसाब से वरुण कपूर, प्रज्ञा ऋचा और उपेंद्र जैन सबसे आगे हैं। उपेंद्र जैन को फील्ड और प्रशासनिक दोनों क्षेत्रों का समृद्ध अनुभव है।

वे उज्जैन व जबलपुर में एसपी रह चुके हैं और वर्तमान में ईओडब्ल्यू की कमान संभाल रहे हैं। वहीं प्रज्ञा ऋचा के नाम पर महिला सशक्तिकरण का मजबूत पहलू जुड़ा है। मध्य प्रदेश के इतिहास में अब तक कोई महिला आईपीएस अधिकारी डीजीपी नहीं बनी हैं। अगर उनका चयन होता है तो यह प्रदेश के लिए ऐतिहासिक फैसला साबित हो सकता है।

**इस साल रिटायर हो रहे प्रमुख अधिकारी :** 2026 में प्रदेश कैडर के कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिससे पुलिस नेतृत्व में व्यापक बदलाव की संभावना है। प्रमुख नाम इस प्रकार हैं कैलाश मकवाना (वर्तमान डीजीपी ) — नवंबर/ दिसंबर, अजय कुमार शर्मा (चेयरमैन, पुलिस हाउसिंग कॉर्पोरेशन) — अगस्त, आलोक रंजन (निदेशक, एनसीआरबी) — जुलाई, सोनाली मिश्रा (डीजी, रेलवे पुलिस बोर्ड) — अक्टूबर, -आशुतोष राय (एडीजी, आजाक) — अगस्त , ए. साई मनोहर (एडीजी, इंटेलिजेंस) — अगस्त, अरविंद सक्सेना (आईजी, ग्वालियर रेंज) — जुलाई , इन सेवानिवृत्तियों के बीच नया डीजीपी चुनना प्रशासनिक स्थिरता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। यूपीएससी नियमों के मुताबिक अधिकारी के पास कम से कम छह महीने की शेष सेवा होनी चाहिए। आयोग तीन नामों का पैनल भेजता है और अंतिम चयन का अधिकार राज्य सरकार के पास रहता है।

## गुरुकुल केंद्र-2 में बच्चों को दी सर्प व वन्यजीव संरक्षण की जानकारी




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अर्श वूमेन एंड एनवायरनमेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (विश्व वन्यजीव कोष) के संयुक्त तत्वावधान में गुरुकुल केंद्र-2 में बच्चों के लिए सर्प एवं वन्यजीव जागरूकता सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न प्रजातियों के सांपों की पहचान, उनकी उपयोगिता तथा बारिश के मौसम में सांप दिखाई देने पर बिना घबराए सुरक्षित व्यवहार करने की जानकारी दी गई।

साथ ही अन्य वन्यजीवों के संरक्षण और उनके प्रति संवेदनशीलता विकसित करने पर भी जोर दिया गया। सत्र में शिवम गोहदिया, अभय राय, अनामिका मिश्रा, धर्मेंद्र नामदेव, विकास अहिरवार एवं शिवांश गुप्ता ने बच्चों को जागरूक किया।

## श्रीसहस्त्रबाहु ग्रीन वैली मंगल भवन का लोकार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** श्रीसहस्त्रबाहु धार्मिक सांस्कृतिक सामाजिक जनकल्याण समिति, भोपाल के तत्वावधान में ई-8 बसंत कुंज स्थित भगवान श्री सहस्त्रबाहु मंदिर परिसर में नवनिर्मित श्री सहस्त्रबाहु ग्रीन वैली मंगल भवन का रविवार को लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रही।

समिति के संयोजक राजाराम शिवहरे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद संजय जायसवाल थे, जबकि इसकी अध्यक्षता श्री सहस्त्रबाहु कलचुरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलीप सूर्यवंशी ने की।

कार्यक्रम में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विश्वास सारंग, भोपाल महापौर मालती राय, विधायक दिनेश राय मुनमुन, पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय सहित अनेक जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठन के पदाधिकारी शामिल हुए। अतिथियों का स्वागत करने के साथ उन्हें स्मृति चिह्न भी भेंट किए गए। इस अवसर पर वक्ताओं ने समाज में एकता, संगठन और सामाजिक सहयोग की भावना को मजबूत बनाने पर बल दिया। सभी ने कहा कि सामुदायिक भवन सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़ने में सहायक होगा।

कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना और सुंदरकांड पाठ से हुई। करगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद सैनिकों की स्मृति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण भी किया गया।

### महिला थाना में दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**नप्र, भोपालः** प्रियंका विश्वकर्मा ने पति कार्तिक विश्वकर्मा एवं रीना विश्वकर्मा के खिलाफ दहेज की मांग कर प्रताड़ित करने की शिकायत दर्ज कराई। महिला थाना पुलिस ने धारा 351(2), 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया।


**मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा)**
**मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल**
**दूरभाष क्र.- 0755-2512077, 2512076**

क्रमांक एफ-2/3/1/0001/2024/12-1/1815 भोपाल, दिनाक 23/07/2026

**द्वितीय ई-निविदा सूचना**

मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग, वल्लभ भवन, मंत्रालय में पदस्थ शासकीय सेवको से संबंधित आयकर एव जी एस टी सहित मुख्यमत्री सहायता कोप के आयकर / लेखांकन/ऑडिट एवं रिटर्न सबधी कार्य सम्पादन एवं इससे संबंधित अन्य कार्यों हेतु कर सलाहकार का कार्य कराये जाने हेतु निविदा की दरे स्वीकृत करने की सूचना देने की दिनांक से आगामी 02 (दो) वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगी। ऑनलाईन ई-निविदाए ई-प्रोक्योरमेट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के स्वध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आनलाइन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रुपये 1000/- + प्रोर्सिग शुल्क |
| 2 | निविदा फार्म ऑनलाइन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय | दिनांक 29/07/2020 एवं समय अपरान्ह 12.00 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 19/08/2026 एवं समय समय अपरान्ह 12.00 बजे तक |
| 4 | निर्धारित अवधि में प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने तिथि एवं समय | 1. टेक्निकल बिड- दिनांक तिथि एवं समय 20/08/2020 समय : अपरान्ह 12:00 बजे<br>2. फाइनेन्शियल बिड-दिनांक 20/08/2026 समय : अपरान्ह 12:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाएं खोले जाने का स्थान | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक-116 (समिति कक्ष) |

ई-निविदा सूचना में कोई भी सशोधन समाचार पत्रो में प्रकाशित न किया जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जायेगे। निविदा की विस्तृत शर्त एच जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है।

**मनोज श्रीवास्तव,**
**अवर सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग**

जी-16294/26



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल**
श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462002
ई-मेल : eephedqcbpl@mp.gov.in दूरभाष क्रमांक 0755-2661511

क्रमांक : 10 /तक/का.यं/लो.स्वा.यां.वि./गु.नि.इ. खंड/भोपाल 2026-27 दिनाँक : 22.07.2026

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

ऑनलाइन डिजीटली सील्ड निविदा मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से प्रतिशत दर पर अपेंडिक्स 2.1 पर लोक निर्माण विभाग मध्यप्रदेश में केन्द्रीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ''राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स, भोपाल में NABL कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री, ग्लासवेयर एवं CRMs सामग्री प्रदाय करने का कार्य'' हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 22.07.2026 से दिनांक 06.08.2026 को 16:30 बजे तक क्रय किये जाकर दिनांक 06.08.2026 को 16:30 बजे तक निविदा प्रस्तुत करना है। लिफाफा 'ए' दिनांक 07.08.2026 को 16:30 बजे खोली जावेगी। बेवसाईट www.mptenders.gov.in (E-Tender No. 2026_PHED_523320_1, PHED Date 22.07.2026)

| क्रं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्यावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ''राज्य अनुसंधान प्रयोगशाला श्यामला हिल्स, भोपाल में NABL कराये जाने हेतु आवश्यक सामग्री, ग्लासवेयर एवं CRMs सामग्री प्रदाय करने का कार्य'' | रु. 384770/-(रु. तीन लाख चौरासी हजार सात सौ सत्तर मात्र) | रु. 7695.00 (रु. सात हजार छः सौ पिंचानवे मात्र) | रु. 2000.00 (रु. दो हजार मात्र) | 30 दिवस |

विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में देखी जा सकती हैं।
मुख्य तिथियाँ
क्रय करने की तिथि : 22.07.2026 से 06.08.2026 बजे तक
जमा करने की अंतिम तिथि : 06.08.2026 16:30 बजे तक
लिफाफा 'ए' खुलने की तिथि : 07.08.2026 16:30 बजे तक

कार्यपालन यंत्री
गुणवत्ता नियंत्रण इकाई खंड
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, भोपाल

जी-16236/26



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं भू अर्जन अधिकारी बेगमगंज जिला रायसेन**
दिनांक 17.07.2026.

**// सार्वजनिक सूचना //**

प्रकरण क्रमांक 00/अ-82/2026-27 चूंकि राज्य शासन को प्रतीत होता है कि निम्न अनुसूची में खाने (1) से (6) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (8) में उनके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। उक्त प्रयोजन हेतु प्रकरण में मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग मंत्रालय भोपाल के परिपत्र क्रमांक एफ 12-2/2014/सात/शा 2 ए भोपाल दिनांक 12 नबम्बर 2014 के द्वारा प्रतिपादित आपसी सहमति से भूमि क्रय की नीति के तहत कार्यवाही प्रचलित है। अतएव निम्न दर्शित भूमि धारकों से परियोजना के लिये राज्य सरकार से संबंधित विभाग / उपक्रम में पक्ष में क्रय किये जाने पर विचार किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति की भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो तो वह नियत अवधि (सार्वजनिक सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर) में आधार सहित प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**// अनुसूची //**
**भूमि का वर्णन**

| क्रं. | भूमि स्वामी का नाम | ग्राम का नाम | सर्वे क्रमांक | कुल रकवा हे. में | अर्जित रकबा है. में | प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 08 |
| 01 | जगतसिंह आ. राजाराम | बारह | 111/1/1 | 1.619 | 0.032 | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग रायसेन | बेगमगंज सागर मार्ग (SH-86 A) से महुआखेडाकलां, गोरखा, पडरिया राजाधार से सिलवानी सागर (SH-15) मार्ग निर्माण |
| 02 | चरणसिंह आ. रामदयाल यादव | बारह | 111/1/2 | 1.371 | 0.036 | | |
| 03 | राजावाई पत्नी खुमानसिंह यादव | बारह | 111/1/3 | 1.371 | 0.135 | | |
| 04 | तरवरसिंह रामप्रकाश आ. नथ्थूसिंह | बारह | 111/2/1 | 4.455 | 0.247 | | |
| 05 | कुन्दनसिंह आ. गजराजसिंह | बारह | 111/2/2 | 1.448 | 0.194 | | |
| 06 | शिवनारायण यादव आ. लक्ष्मण आ. पन्नालाल | बारह | 54 | 0.190 | 0.061 | | |
| 07 | शिवनारायण यादव आ. लक्ष्मण आ. पन्नालाल | बारह | 53 | 0.061 | 0.016 | | |
| 08 | विजयसिंह आ. गजराजसिंह | बारह | 57 | 0.032 | 0.008 | | |
| 09 | शिवनारायण यादव आ. लक्ष्मण आ. पन्नालाल | बारह | 46 | 0.579 | 0.146 | | |
| 10 | भरतसिंह आ. बाबूलाल | बारह | 225/1/2 | 2.232 | 0.169 | | |
| 11 | विजयसिंह आ. गजराजसिंह | बारह | 60/1 | 2.177 | 0.265 | | |
| 12 | साहबसिंह आ. गजराजसिंह | बारह | 60/2 | 4.937 | 0.101 | | |
| 13 | गोबिंद आ. साहबसिंह | बारह | 63 | 1.165 | 0.061 | | |
| 14 | गोरेलाल, जगदीश आ. मुन्नालाल | बारह | 101/4 | 1.619 | 0.020 | | |
| 15 | धनप्रसाद, अमरसिंह, रणवीर, लक्ष्मीनारायण, आ. राजाराम | बारह | 103/1 | | 0.091 | | |
| 16 | तुलसीराम आ. हरप्रसाद जाती चडार | बारह | 103/2 | 0.849 | 0.161 | | |
| 17 | जगदीश आ. मुन्नालाल | बारह | 106 | 0.227 | 0.008 | | |
| 18 | जगदीश आ. मुन्नालाल | बारह | 105/2 | 0.105 | 0.028 | | |
| 19 | शेरसिंह आ. मोतीलाल | बारह | 115/1 | 1.425 | 0.150 | | |
| 20 | शिवराजसिंह आ. शेरसिंह | बारह | 115/2 | 1.93 | 0.138 | | |
| 21 | नारायणसिंह आ. शेरसिंह | बारह | 225/1/3/1 | 0.816 | 0.024 | | |
| 22 | हरिसिंह आ. रामदयाल | बारह | 31/3 | 1.498 | 0.060 | | |
| | **योग बारह** | **बारह** | | **30.106** | **2.151** | | |

सक्षम अधिकारी (भू-अर्जन)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुविभाग बेगमगंज जिला - रायसेन

जी-16258/26